Roll No. …………………..

MAHL–101

हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं आदिकालीन कविता

M. A. Hindi (MAHL–12/16/17)

First Year, Examination, 2018

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. इतिहास लेखन की भारतीय एवं पाश्चात्य परम्परा का वर्णन कीजिए। साहित्येतिहास लेखन की परम्परा को भी इतिहास लेखन के सापेक्ष वर्णित कीजिए।

2. आदिकाल के नामकरण की समस्या पर तार्किक विचार कीजिए।
3. सिद्ध साहित्य की प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।
4. रासो काव्य की मूलभूत विशेषताओं पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. साहित्येतिहास लेखन की आवश्यकता पर एक टिप्पणी कीजिए।
2. हिन्दी साहित्य के नामकरण की समस्या पर विचार कीजिए।
3. नाथ साहित्य पर एक टिप्पणी कीजिए।
4. विद्यापति पदावली के काव्य-सौन्दर्य का उद्घाटन कीजिए।
5. अमीर खुसरो की रचनाओं का मूल्यांकन कीजिए।
6. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल कृत हिन्दी साहित्य के इतिहास पर प्रकाश डालिए।
7. हिन्दी साहित्येतिहास की सामग्री एवं स्रोतों पर विचार कीजिए।
8. 'आदिकाल' नामकरण की अर्थवत्ता पर विचार कीजिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य का चुनाव कीजिए :

1. आदिकाल नामकरण का श्रेय आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को है।
2. 'हठयोग' सिद्ध साहित्य में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द है।
3. 'सन्देश रासक' के रचनाकार अब्दुल रहमान हैं।
4. मुकटियों-पहेलियों की रचना सिद्ध साहित्य में हुई है।
5. कण्हपा नाथय-थी कवि हैं।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

6. सिद्ध-सामन्त काल नामकरण के प्रयोक्ता .... हैं। (रामचन्द्र शुक्ल/राहुल सांकृत्यायन/हजारी प्रसाद द्विवेदी)
7. 'वीसलदेव रासो' के रचनाकार .... हैं। (नरपति नाल्ह/चन्दवरदाई/अब्दुल रहमान)
8. दोहाकोश के रचनाकार.................. हैं। (अज्ञात/सरहपा/रामसिंह)
9. द मॉर्डन वर्नाक्यूलर लिट्रेचर ऑफ हिन्दुस्तान ग्रन्थ .... का है। (गार्सा द तासी/जॉर्ज ग्रियर्सन/मौलवी करीमुद्दीन)
10. हिन्दी साहित्य का अतीत ग्रन्थ के रचनाकार .... हैं। (विश्वनाथ प्रसाद मिश्र/हजारी प्रसाद द्विवेदी/रामचन्द्र शुक्ल)